की … तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2023.06.14 18:05:20 +05:30
Location: 192.168.56.160

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

भूमि विक्री अनुमति वाद सं०–69/2023

सी० एन०टी० एक्ट की धारा 46(1)(A) के अंतर्गत

श्री रामेश्वर सिंह—विक्रेता

प्रति

श्री महेश सिंह—क्रेता

–:आदेश:–

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक/विक्रेता श्री रामेश्वर सिंह, पिता–स्व० दुखी सिंह, ग्राम–हरता, पोस्ट–रमकण्डा, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा ने नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को क्रेता श्री महेश सिंह, पिता–भागेसर सिंह, ग्राम–हरता, पोस्ट–रमकण्डा, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A) के अंतर्गत भूमि विक्री करने हेतु आवेदन पत्र दिया है। उक्त आवेदन पत्र पर अंचल अधिकारी, भण्डरिया से आवेदन पत्र में वर्णित भूमि पर जाँच कर विहित प्रपत्र में स्पष्ट अनुशंसा के साथ एवं आम इस्तेहार का विधिवत तामिला कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई। अंचल अधिकारी, भण्डरिया के पत्रांक 256/दिनांक 30.05.2023 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन एवं आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त हुआ एवं विक्रेता के द्वारा प्रतिवेदित भूमि के संबंध में आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित भूमि विक्रेता के पिता के नाम से मांग चलता है। विक्रेता जाति के खरवार (अनुसूचित जन जाति) एवं क्रेता जाति के खरवार (अनुसूचित जन जाति) के सदस्य है, विक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना के निवासी हैं। विक्रेता प्रस्तावित भूमि विक्री करने के पश्चात् भूमिहीन नहीं होते हैं। प्रस्तावित भूमि आवेदक/विक्रेता के शांतिपूर्ण दखल–कब्जे में है। यह भूमि भूदान, भू–हदबंदी, वन सीमा इत्यादि से मुक्त है।

अतः अंचल अधिकारी, भण्डरिया के जाँच प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक में आवेदक/विक्रेता श्री रामेश्वर सिंह, पिता–स्व० दुखी सिंह, ग्राम–हरता, पोस्ट–रमकण्डा, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा ने क्रेता श्री महेश सिंह, पिता–भागेसर सिंह, ग्राम–हरता, पोस्ट–रमकण्डा, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा को नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि की विक्री करने हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A) के अन्तर्गत विक्री हेतु हस्तान्तरण करने की स्वीकृति दी जाती है।

भूमि का विवरण:–

ग्राम	थाना सं०	खाता सं०	प्लॉट सं०	रकबा (एकड़ में)	चौहदी
हरता	175	पुराना–39 नया–26	पुराना–358 नया–1092	0.04½	उ०–दुखी सिंह, द०–त्रिभुवन सिंह, पू०–दुखी सिंह, प०–विंदेश्वर सिंह,
		पुराना–01 नया–26	पुराना–355 नया–1093	0.03	
			कुल रकबा:–	0.07½	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला अवर निबंधक, गढ़वा को भेजे।

लेखापित एवं संशोधित।

अपर समाहर्त्ता
गढ़वा

अपर समाहर्त्ता
गढ़वा